हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नगर में उत्साह से मनाई गई गांधी शास्त्री...



07 राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारिता...



खबर संक्षेप

आज माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट में होगा शास्त्रीय गायन

विदिशा। ग्वालियर घराने के



गायक एवं संगीताचार्य स्व. मथुरा मोहन श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर आज शनिवार शाम 7 बजे माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट धर्मशाला तलैया में शास्त्रीय गायन होगा। दिल्ली से आए गायक डॉ. अविनाश कुमार शास्त्रीय गायन



प्रस्तुत करेंगे। शहर की युवा प्रतिभाशाली गायिका कुमारी अवनि भार्गव भी प्रस्तुति देंगी। तबले पर डॉ. अशेष उपाध्याय और पं. शशिकांत शर्मा तथा हारमोनियम पर पं. नीलेश तिवारी संगत करेंगे।

लक्ष्मीनारायण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

विदिशा। नंदवाना स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में शुक्रवार से श्रीमद्भागवत कथा शुरू हुई। बटेश्वर शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो कथा स्थल तक पहुंची। कथा व्यास भगवताचार्य पं. यशोजीत शास्त्री ने पहले दिन श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। 8 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कथा चलेगी। आयोजन में मनमोहन शर्मा, पं. सतीश व्यास, पं. शुभम शास्त्री, पं. राहुल शर्मा, सौरभ गोयल, मनमोहन बंसल सहित श्रद्धालु शामिल हुए।

शंकर मंदिर से निकली कलश यात्रा

विदिशा। शहर के बटुक शंकर मंदिर से शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और धार्मिक जयकारों के साथ कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए नंदवाना स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। कथा व्यास ने कथा प्रारंभ कर श्रद्धालुओं को कथा का महत्व बताया।

एनसीसी कैडेट्स ने चलाया अभियान

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान के तहत 14 एमपी बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अंशुभान सिंह के निर्देशन में कैडेट्स ने परिसर, उद्यान और आसपास के क्षेत्रों में सफाई की। कैडेट्स ने पोस्टर और स्लोगन के जरिए विद्यार्थियों व स्टाफ को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. विनीता प्रजापति ने छात्राओं व स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

माधव उद्यान में योग कार्यक्रम आज

विदिशा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 3 अक्टूबर को सुबह 7 बजे माधव उद्यान में योग कार्यक्रम किया जाएगा। भाजपा दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने शामिल होने अपील की है।

बैरसिया रोड से शहर में बिकने आ रहा जानलेवा नशा

पुलिस ने घेराबंदी कर 20 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को दबोचा

शहर में नशे के इंजेक्शन के रूप में बिक रही मौत और घातक नशीले पदार्थों की धरपकड़ की जा रही है। घातक नशे से मौतें होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की, जिसमें ऐसा नशा बेचने वालों पर एफआईआर कर गिरफ्तारी भी की जा चुका है। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अब पुलिस ने दो आरोपियों को ब्राउन शुगर के साथ धर दबोचा। ढोलखेड़ी के पास बैरासिया रोड पर यह कार्रवाई की गई है। जिससे पहले भी यहां से आरोपियों को दबोचा गया था।



विदिशा। कोतवाली टीम कस्बा भ्रमण के दौरान ढोलखेड़ी के पास बैरसिया रोड पर पहुंची और आरोपियों को दबोचा।

- पुलिस को देखते ही गाड़ी मोड़कर भागने लगे आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ब्राउन शुगर और हीरो स्प्लेंडर बाइक सहित करीब 2.50 लाख रुपए का मशरूका जब्त किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली टीम कस्बा भ्रमण के दौरान ढोलखेड़ी के पास बैरसिया रोड पर पहुंची थी। पुलिस वाहन को देखकर बाइक सवार दो युवक अचानक बाइक मोड़कर बैरसिया की ओर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 20 ग्राम ब्राउन शुगर मिली, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपए है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप शर्मा (38) निवासी शुभम पाठक की कॉलोनी सागर पुलिया रोड मोहनगिरी और दिनेश मालवीय (28) निवासी सोठिया थाना सिविल लाइन के रूप में हुई है। पुलिस ने थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज किया है। पूछताछ में पुलिस को नशे के कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में जानकारी मिली है। पुलिस अब सप्लाई नेटवर्क से जुड़े आरोपियों की तलाश कर रही है।

हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



इधर कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राजेश कुशवाह (45) निवासी चिरौल वाली माता मंदिर के पास को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर को जत्रापुर रोड स्थित कलारी के पास मारपीट की सूचना मिली थी। मामले में अपराध क्रमांक 649/26 के तहत बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद किया गया। कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में एएसपी मोनिका तिवारी और सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई।

बिजली कनेक्शन जांचने पहुंचे अफसर को मारे थप्पड़ दो युवकों पर एफआईआर

जान से मारने की धमकी और अपमान का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कुरवाई में बिजली कंपनी के सहायक प्रबंधक से मारपीट, अभद्रता, धमकी और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में कुरवाई पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

सहायक प्रबंधक मदन सिंह अहिरवार के अनुसार 1 अक्टूबर को वे सिरोंज रोड स्थित एक उपभोक्ता के घर विद्युत कनेक्शन की जांच करने पहुंचे थे। आरोप है कि मौके पर मौजूद उवेश खान और बिलाल खान ने गाली-गलौज कर उनका कॉलर पकड़ा, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की



विभिन्न धाराओं सहित एससी-एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत पर दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज

घटना के बाद सहायक प्रबंधक ने कुरवाई थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उवेश खान और बिलाल खान के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली कंपनी ने घटना को गंभीरता से लिया है। कंपनी के एमडी ऋषि गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों के साथ गलत व्यवहार या मारपीट होने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए।

जन्म-मृत्यु के लेट पंजीयन के नियम बदले

एक से दो साल की देरी पर डीएम, एसडीएम या अधिकृत मजिस्ट्रेट का आदेश जरूरी

दो साल बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जन्म-मृत्यु के विलंबित पंजीयन की प्रक्रिया में अक्टूबर से बदलाव लागू हो गया है। अब घटना के एक साल बाद, लेकिन दो साल के भीतर पंजीयन कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), एसडीएम या डीएम से अधिकृत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का आदेश जरूरी होगा। इसके बिना रजिस्ट्रार पंजीयन नहीं कर सकेंगे। दो साल बाद जन्म या मृत्यु का पंजीयन कराने के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश लेना होगा। संशोधित प्रावधानों में देरी की अवधि के अनुसार सक्षम अधिकारी तय कर दिए गए हैं। इससे विलंबित पंजीयन की प्रक्रिया में संबंधित अधिकारियों की भूमिका स्पष्ट होगी।

6 अगस्त को राजपत्र में प्रकाशित हुआ संशोधन

जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 की धारा 13 में यह बदलाव जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2026 के जरिए किया गया है। संशोधन अधिनियम 6 अगस्त 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था। इसके प्रावधान अक्टूबर 2026 से प्रभावी किए गए हैं। भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय के निर्देशों के बाद मध्यप्रदेश संचालनालय ने सभी कलेक्टर और अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को नई व्यवस्था की जानकारी दी है। अधिकारियों से कहा गया है कि सभी रजिस्ट्रार, उप-रजिस्ट्रार और पंजीयन कार्य से जुड़े कर्मचारियों को संशोधित प्रावधानों की जानकारी दें और अक्टूबर से उसी के अनुसार पंजीयन की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

पीतल मिल औद्योगिक क्षेत्र में किया श्रमदान

विदिशा। सेवा संकल्प अभियान के तहत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम में 2 अक्टूबर को पीतल मिल औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, युवा मोर्चा, लघु उद्योग भारती और लघु उद्योग संघ के सहयोग से उद्योग प्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र में सफाई के साथ नालियों की सफाई भी शुरू कराई गई। नगर पालिका के सहयोग से नालियों की सफाई होने से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के लिए उद्योग संचालकों, श्रमिकों और स्थानीय निकायों की सामूहिक भागीदारी जरूरी है।

कलेक्ट्रेट से गूंजा स्वच्छता का संदेश

विदिशा। महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर 2 अक्टूबर को जिलेभर के शासकीय कार्यालयों में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में अधिकारियों-कर्मचारियों ने कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। कलेक्ट्रेट परिसर में अपर कलेक्टर मीना मेसराम, संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने विभिन्न स्थानों से कचरा व अनुपयोगी सामग्री हटाई। इस दौरान स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया।

सोयाबीन उपार्जन के लिए 17 तक पंजीयन

विदिशा। भावांतर योजना के तहत खरीफ 2026 में सोयाबीन उपार्जन के लिए किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन 3 से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों व विपणन संस्थाओं के केंद्रों पर पंजीयन निशुल्क होगा। वहीं एमपी ऑनलाइन, सीएससी, लोक सेवा केंद्र और निजी साइबर कैफे पर अधिकतम 50 रुपए शुल्क लगेगा। पंजीयन के लिए भूमि दस्तावेज, आधार कार्ड, बैंक खाता, आईएफएससी और मोबाइल नंबर जरूरी है। आधार से बैंक खाता व मोबाइल लिंक होना आवश्यक है।

शिक्षकों का गांधी प्रतिमा के सामने धरना

शिक्षक बोले: 20 साल सर्विस के बाद अब टीईटी परीक्षा क्यों

विदिशा। गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना देकर प्रदर्शन करते हुए शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गांधी जयंती पर विदिशा में शिक्षकों ने अपनी तीन मांगों को लेकर गांधी प्रतिमा के सामने एक दिन का धरना दिया। संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर हुए प्रदर्शन में टीईटी परीक्षा रद्द करने, पहली नियुक्ति से वरिष्ठता तय करने और ई-अटेंडेंस खत्म करने की मांग की गई।

मोर्चा के जिला अध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि 20 साल से ज्यादा सेवा दे रहे शिक्षकों की पुरानी सेवा खत्म कर नई नियुक्ति और वरिष्ठता तय की जा रही है। 1998 से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता बाद की तारीख से तय होने से उनकी दो दशक की सेवा प्रभावित हो रही है। उन्होंने टीईटी परीक्षा को भी अनुचित बताया।

नेटवर्क समस्या का हवाला

शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस को भी अव्यावहारिक बताया। उनका कहना है कि ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क की समस्या रहती है। नेटवर्क नहीं होने पर अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पाएगी। शिक्षकों ने सुंदरकांड पाठ और उपवास कर विरोध जताया। शाम को जिला प्रशासन के जरिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

कन्या छात्रावास में छात्राओं ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। महात्मा गांधी जयंती एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत विवेकानंद चौराहा स्थित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में छात्राओं और अधीक्षिका ने सामूहिक श्रमदान किया। छात्राओं ने परिसर में फैले खरपतवार और अनावश्यक वनस्पति हटाकर साफ-सफाई की। उन्होंने स्वच्छता के साथ श्रम की गरिमा और सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस दौरान छात्राओं ने छात्रावास परिसर को नियमित स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने का संकल्प भी लिया।

खेल स्टेडियम से पुलिस सेवा तक पहुंचे कबड्डी खिलाड़ी सुमित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

खेल परिसर स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी सुमित रघुवंशी का चयन मध्यप्रदेश पुलिस में हुआ है।

उनकी पदस्थापना रायसेन में हुई है तथा वर्तमान में वे सागर में पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सुमित रघुवंशी जिला खेल परिसर



स्टेडियम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने स्टेडियम में कबड्डी का नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही पुलिस भर्ती के लिए आवश्यक शारीरिक दक्षता की तैयारी भी यहीं से की। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के परिणामस्वरूप उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में मध्य प्रदेश पुलिस में चयन प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि सुमित रघुवंशी कबड्डी के उत्कृष्ट खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने कबड्डी खेल में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व किया है। स्टेडियम में विभागीय कबड्डी प्रशिक्षक श्रीमती ज्योति ठाकुर द्वारा उन्हें नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। खेल के साथ-साथ शारीरिक दक्षता की तैयारी ने सुमित को पुलिस भर्ती की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रघुवंशी समाज ने वरिष्ठजनों को शॉल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मान, बीमार समाजसेवी के घर पहुंची टीम

- वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर, सम्मान से मजबूत होते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रघुवंशी समाज द्वारा गुरुवार को बस स्टैंड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में वृद्धजन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान समाज की एकता, संस्कार और नशामुक्ति के साथ नई पीढ़ी को वरिष्ठजनों के अनुभवों से सीख लेने का संदेश दिया गया।

जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि वरिष्ठजन समाज की अमूल्य पूंजी हैं। उन्होंने परिवार और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया



है। उनका सम्मान करना संस्कारों और परंपराओं को मजबूत करना है।

बीमार समाजसेवी के घर पहुंचकर किया सम्मान

कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, युवा, मातृशक्ति और समाजबंधु मौजूद रहे।

अहिंसा के साथ शास्त्रीजी के 'जय जवान, जय किसान' संदेश को याद किया

गांधी जयंती पर कांग्रेसियों ने पहने गांधी के मुखौटे, बोले: आज गांधी की सख्त जरूरत, उनके विचार ही देश को जोड़ सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस ने नीमताल के गांधी चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया। कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांधी प्रतिमा पर पहुंचे और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान कई कार्यकर्ता महात्मा गांधी का मुखौटा पहने नजर आए। नेताओं ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों के साथ शास्त्रीजी के 'जय जवान, जय किसान' संदेश को



विदिशा। गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर शहर के कांग्रेसियों ने उन्हें याद किया।

याद किया। वक्ताओं ने मौजूदा हालात में गांधीजी के विचारों की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह गांधीजी ने अंग्रेजों को देश से भगाया, उसी तरह कांग्रेसी सरकार को हटाएंगे। कांग्रेसियों ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी नफरत फैला रही है, गांधी के आदर्श ही समाज को जोड़ सकते हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, आशा सिंह राजपूत, सुरेशबाबू पाठक, नगर अध्यक्ष रवि साहू, अवधेश दुबे, , अशरफ खान, संतोष कुशवाह आदि मौजूद रहे।

एक दिन पहले कांग्रेसियों ने की थी सफाई

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक परिसर में श्रमदान भी किया। कार्यकर्ताओं ने गड्ढे भरे और सफाई अभियान चलाया। कांग्रेस नेता रणधीर सिंह ने कहा कि गांधीजी का संदेश स्वच्छता और अहिंसा से जुड़ा है। उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को भी याद किया और कार्यकर्ताओं से दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारी, कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

किसान जुटे खरीफ फसल कटाई में

गंजबासौदा। विगत दिनों मौसम में आए बदलाव के बाद इलाके भर में बारिश हुई थी। जिससे किसानों के खेतों में पककर तैयार खड़ी एवं खेतों में कटी पड़ी फसल भीग गई थी। इन दिनों फिर से धूप निकलने पर किसान खेतों में कटी पड़ी फसल को पलटने एवं पककर तैयार खड़ी फसल को कटवाने एवं थ्रेसिंग कार्य करने में जुट गए हैं।

एसोसिएशन की पत्रकारवार्ता 5 अक्टूबर को

गंजबासौदा। ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों के संबंध में पांच अक्टूबर को पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया है। जिसमें 8 अक्टूबर को आयोजित धरने के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाऐगी। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश के नेतृत्व में सेवानिवृत पेंशनरों की अनेक मांगों को लेकर धरना आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के पेशनरों को केन्द्रीय पेंशनरों के समान 2 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान की जावे। शासकीय सेवकों की भांति पेंशनर की मृत्यु होने पर उसके आश्रित को एक लाख पच्चीस हजार अनुग्रह अनुदान राशि प्रदान की जावे। 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवानिवृत पेंशनरों को शासन के आदेश अनुसार एक वेतन वृद्धि का लाभ एरियर्स सहित भुगतान किया जावे। प्रदेश के पेंशनरों के बेरोजगार बच्चों को पीले राशन कार्ड जारी किये जावे। सीएम केयर फंड योजना में शासकीय कर्मचारियों के समान 1 प्रतिशत अंशदान लिया जावे। 1 जुलाई 2023 से पूर्व सेवानिवृत्त समस्त कर्मचारियों को चतुर्थ वेतन का लाभ दिया जावे। आदिम जाति कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधीक्षकों, शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों के समान नगदीकरण का लाभ दिया जावे। पेंशनरों के हित में जारी निर्णय एवं शासन के आदेशों का सख्ती से पालन किये जाने हेतु अधिकारियों को समय सीमा में पालन के निर्देश दिए जाने की मांग की गई है।

स्काउट व स्वयंसेवकों ने किया सेवा कार्य



गंजबासौदा। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नवांकुर विद्यापीठ में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों के जीवन, संघर्ष, सादगी, सत्य, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिज्ञासु शर्मा एवं अन्य स्वयंसेवकों ने महापुरुषों के जीवन एवं विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सस्वयंसेवकों ने अस्पताल में मरीजों को बिस्किट के पैकेट वितरित किए।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नपा ने माल्यार्पण कर किया पौधारोपण

नगर में उत्साह से मनाई गई गांधी शास्त्री जयंती, हुए अनेक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





शुक्रवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर भारत देश को स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले महात्मा गांधी और जय जवान जय किसान का नारा देने वाले, 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध में सैनिकों और किसानों का मनोबल बढ़ाने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती नगर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सुबह 10:30 बजे गांधी चौक पर उनकी प्रतिमा पर एवं एलबीएस कॉलेज स्थित शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 11:30 बजे महारानी लक्ष्मी बाई पार्क देहात थाने में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष अंजली यादव, जीतेन्द्र मैना, अंशलेखा भावसार, चंद्रशेखर दुबे, नपा सीएमओ अशोक वर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ने पदाधिकारीगण मौजूद थे।

वहीं शासकीय उमावि में देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपेन्द्र शर्मा, सरदार सिंह अहिवार, प्राचार्य एमसी शर्मा, NCC अधिकारी अनिल दुबे, शिक्षक अश्वनी मिश्रा, प्रदीप चौरसिया, भारती पंथी, वंदना मिश्रा, मनीषा कुशवाह, प्रीति सक्सेना सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सादगी के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डाला। धर्मेंद्र, सनी, आशुतोष एवं हर्षिता द्वारा भजन एवं भाषण प्रस्तुत किए गए। निकिता, राधिका राजपूत ने देशभक्ति गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कर दिया। रौनक, राधिका, श्रद्धा सिंह सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की, अतिथियों द्वारा सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। उधर सैण्ट एसआरएस स्कूल में रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर की साफ सफाई एवं जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनन्या भार्गव, काव्या ठाकुर, प्रियांशी सेन ने सरस्वती वंदना और वैष्णवी भार्गव द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का प्रस्तुतीकरण किया गया। स्वयंसेवक रुद्र प्रताप राजपूत, राज सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सुभाष निकेतन स्कूल और माय स्कूल में महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस आयोजन में बच्चों ने गांधी जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थी गांधीजी और शास्त्री जी बन कर आए। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम वैष्णव जन तो तेने कहिए जैसे गीतों की मंच से सुमधुर संगीत बद्ध प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही स्वच्छता पर आधारित गीतों को भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वरिष्ठ एडवोकेट राजेंद्र सिंह सोलंकी एवं पर्यावरण विद सुरेंद्र सिंह दांगी रहे। आभार प्रीतिरानी श्रीवास्तव ने माना।



असहाय, घायल को आश्रम लाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को रात्रि के समय स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर असहाय, लावारिस चोटिल अवस्था में एक व्यक्ति पड़े होने की सूचना सुयश नामक युवक ने अपना घर आश्रम को दी। जिसके बाद आश्रम की रेस्क्यू टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को सेवा उपचार और पुनर्वास हेतु आश्रम ले जाया गया। जिसकी पहले जीआरपी पुलिस को सूचना देकर वेरिफिकेशन करवाया गया। इस दौरान अपना घर आश्रम की टीम के सदस्यगण मौजूद रहे।

भागवत कथा को लेकर निकली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के वार्ड नंबर 17 पंडापुरा में श्रीमद् भागवत कथा की प्रथम दिवस कथा के पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा के पहले दिन आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया महाराज ने कलश के महत्व के बारे में बताया। महाराज ने कहा कि कलश रिद्धि- सिद्धि का प्रतीक है। इसका हिंदू धर्म में अपना महात्म्य है। उन्होंने कहा कि कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कलश के उपर नारियल रखा जाता है। यह नारियल मनुष्य को इस बात की शिक्षा देता है कि परिवार के मुखिया को ऊपर से सख्त और अंदर से मुलायम होना चाहिए। इससे जीवन की गाड़ी बेहतर चलती है। कलश के ऊपर जो माला रखी जाती है उसका अलग महत्व है। जिस प्रकार माला में लगा हुआ फूल महकता है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंध देने वाला होना चाहिए। कलश यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए कथा पंडाल पहुंची कथा के मुख्य यजमान विष्णु नारायण माथुर, सरोज माथुर, शशि ,श्रुति, रिचा, सुबोध, विकास, सुबोध सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बेतवा नदी पर चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत गांधी, शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद द्वारा बेतवा नदी के रिपटा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान नदी एवं घाट परिसर से करीब एक ट्रॉली कचरा निकाला गया। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नदी को प्रदूषणमुक्त रखने के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, ब्रांड एंबेसडर राकेश खंडेलवाल, अशोक अग्रवाल, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, मुकेश कुशवाहा सहित नगर पालिका कर्मचारी शामिल हुए। आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम ने भी अभियान में सहभागिता की। अभिषेक शर्मा ने नागरिकों से बेतवा नदी में कचरा, पूजन सामग्री एवं प्लास्टिक नहीं डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण की जिम्मेदारी केवल नगर पालिका की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है। पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा ने भी नागरिकों से बेतवा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने तथा स्वच्छता अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नदी और उसके घाटों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान स्वच्छता को निरंतर व्यवहार में अपनाने, नदी संरक्षण और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

गौ सम्मान जनजागरण अभियान हुआ तेज

गंजबासौदा। गौवंश की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के उद्देश्य से संतों के संरक्षण में चलाए जा रहे गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत जनजागरण तेज कर दिया गया है। अभियान से जुड़ी टीम विभिन्न विद्यालयों, बरेठ, बत्तीसा सहित ग्रामीण क्षेत्रों और शहर के स्कूलों में पहुंचकर लोगों को अभियान की जानकारी दे रही है। इस दौरान जनसभाएं आयोजित कर लोगों से हस्ताक्षर भी कराए जा रहे हैं। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने बताया कि करीब दस महीने पहले वृंदावन में साधु-संतों की बैठक में अभियान की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसका उद्देश्य गौवंश की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए व्यापक जनसमर्थन जुटाना है। अभियान को गैर राजनीतिक और गैर लाभकारी बताया गया है। अभियान के पहले चरण में 27 अप्रैल को तहसील स्तर पर देशभर से करीब 5 करोड़ हस्ताक्षर सरकार तक पहुंचाए गए थे। इसमें गंजबासौदा से 22 हजार हस्ताक्षर तहसीलदार के माध्यम से सौंपे गए। दूसरे चरण में 27 जुलाई को जिला स्तर पर करीब 15 करोड़ हस्ताक्षर प्रस्तुत किए गए, जिसमें गंजबासौदा से 32 हजार हस्ताक्षर जिलाधीश के माध्यम से सरकार तक पहुंचाए गए। अभियान के तहत बरेठ क्षेत्र के विद्यालयों में संपर्क कर विद्यार्थियों और शिक्षकों को गोवंश संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बत्तीसा ग्राम में ग्रामीणों के बीच भी जनजागरण कार्यक्रम हुआ। गंजबासौदा के सरस्वती शिशु मंदिर, नवांकुर मॉडल पब्लिक स्कूल, शासकीय कन्या शाला सहित अन्य विद्यालयों में भी अभियान की जानकारी दी गई। लोगों से अधिक से अधिक संख्या में हस्ताक्षर कर अभियान को जनसमर्थन देने की अपील की गई। आयोजकों के अनुसार अभी तक करीब 25 हजार हस्ताक्षर पूरे हो चुके हैं। आने वाले दिनों में नवरात्रि पंडालों में स्टॉल लगाने के साथ ही बासौदा क्षेत्र की पंचायतों और ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क किया जाएगा। विदिशा जिले में अभियान को आगे बढ़ा रहे हरिओम, लालू महाराज की टीम ने सामाजिक संगठनों, कथावाचकों, समाजसेवियों और गौसेवकों से अभियान में सहयोग की अपील की है। अभियान का तृतीय एवं अंतिम चरण 4 दिसंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार देशभर में इस चरण के लिए 31 करोड़ हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में अग्र-मालूक पीठाधीश्वर श्री 1008 राजेंद्र दास जी महाराज सहित अभियान से जुड़े साधु-संतों की उपस्थिति प्रस्तावित है। इस अवसर पर गौवंश संरक्षण से जुड़ी मांगों को लेकर सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। अभियान की प्रमुख मांगों में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, कठोर कानून, अलग गौ मंत्रालय, शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था में गौ आधारित विषयों को बढ़ावा, गौ आधारित कृषि तथा गौ उत्पादों को सरकार द्वारा विशेष मूल्य पर खरीदे जाने की मांग शामिल है।



पितृ पक्ष में अन्न भोजन का दान श्रेष्ठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

पितृ पक्ष में छैल बिहारी मंदिर प्रांगण में भागवत कथा एवं पितृ व्याख्यान में पंडित केशव गुरु ने कहा कि पितृ पक्ष में अन्न भोजन का दान श्रेष्ठ है। इसमें ब्राह्मण भोज का विशेष महत्व है। ब्रह्म स्वरूप में पितृ भोजन करते हैं अन्न दान इस लोक एवं परलोक में सुख देता है। भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि संसार का मोह छोड़ना बड़ा कठिन है, जब तक वासना पर अंकुश ना हो जाए तब तक शांति नहीं मिलती। कथा की एक बात यदि मन में उतर जाए तो जीवन मधुर बनता है। पूर्व जन्म का शरीर तो चला गया परंतु पूर्व जन्म का मन नहीं गया, लोग अपने तन की, कपड़ों की खूब चिंता कर रखते हैं परंतु मरने के बाद भी जो साथ जाता है उस मन की चिंता नहीं रखते। मरने के बाद जिसे साथ जाना है उस मन की फिक्र करना है और भागवत के द्वारा मन की शुद्धि होती है। यह भागवत का प्रमुख सिद्धांत है। इस अवसर पर कथा समिति के द्वारा वृद्धों को फूल मालाओं से सम्मानित किया गया, साथ ही कृष्ण जन्मोत्सव बड़े उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

विमान जी की शोभायात्रा में धार्मिक झांकियों और डांडिया ने मन मोहा

चांदी के रथ में सवार होकर निकली श्रीजी की शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर की सड़कों पर धर्म और भक्ति का ऐसा अद्भुत नजारा देखने को मिला कि पूरा शहर जिनेंद्र भक्ति में सराबोर हो उठा। श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पारसपुरम धूसरपूरा से प्रातः 7 बजे अभिषेक, शांतिधारा एवं मंगलाष्टक के पश्चात भव्य विमानजी चल समारोह निकाला गया। विमानजी चल समारोह में ऐरावत हाथी, आचार्य परंपरा की आकर्षक झांकी, विभिन्न जैन पाठशालाओं की मंगल झांकियां, महिला मंडलों की डांडिया प्रस्तुतियां, दिव्य घोष दल और धार्मिक भजनों पर थिरकते युवा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। चल समारोह गांधी चौक से सर्राफा बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जयस्तंभ चौक, अंबेडकर चौक, नेहरू चौक, काकाजी वाली गली एवं भगवान महावीर मार्ग से होता हुआ श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण पहुंचा। चल समारोह में प्रथमाचार्य शांति सागर महाराज, दादा गुरु आचार्य ज्ञान सागर महाराज, आचार्य विद्यासागर महाराज, आचार्य समय सागर महाराज सहित नगर गौरव समाधिस्थ मुनि वीर सागर महाराज, मुनि सानंद सागर महाराज, मुनि सविनय सागर महाराज एवं ऐलक सुनय सागर महाराज के चित्र इलेक्ट्रिक ऑटो पर सजाए गए थे। इसके पश्चात वीर सागर पाठशाला, चंद्रप्रभु पाठशाला, त्रिमूर्ति पाठशाला एवं पारसपुरम पाठशाला की धार्मिक झांकियां चल समारोह की शोभा बढ़ा रही थीं। नगर के विभिन्न महिला मंडलों ने डांडिया के साथ अपनी भक्ति प्रस्तुत की। वीर सेवा दल एवं शांतिनाथ सेवा दल के दिव्य घोष ने वातावरण को जय जिनेंद्र के जयघोष से गुंजायमान कर दिया। वहीं धार्मिक भजनों पर युवा एवं पुरुष वर्ग उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। विशेष चांदी के रथ पर विराजमान श्रीजी का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रंगोली सजाकर एवं मंगल आरती उतारकर भव्य स्वागत किया। शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचने के बाद श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा संपन्न हुई। महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण के रूप में भक्तिमय गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र जैन द्वारा किया गया तथा मुख्य संयोजन सतीश जैन, मंत्री द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी समाज के प्रवक्ता प्रतीक जैन 'गोकुल' ने दी। कार्यक्रम के पश्चात क्षमावाणी पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें समाजजनों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।



पोषण माह के तहत गतिविधियां आयोजित



गंज बासौदा। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 सितंबर से 8 अक्टूबर तक पोषण माह के आयोजन संपन्न किए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कासवा के निर्देशन, परियोजनाधिकारी बीपी सिंह के नेतृत्व में सभी सेक्टरों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 19 में पोषण माह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीता खरे, सहायिका रमेती सेन, ममता जैन के द्वारा बहुत आकर्षक रंगोली और हरी सब्जियों एवं पोषक तत्व की झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में प्रशांत शर्मा के द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार क्यों आवश्यक है और प्राकृतिक चीजों से कैसे विटामिन कैल्शियम की पूर्ति की जा सकती है। छोटे बच्चों के व्यवहार में आ रहे बदलाव, चिड़चिड़ापन को कैसे रोक जा सके। उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए आसानी से उपलब्ध होने वाली दाल और अन्य प्राकृतिक सब्जियों और तत्व इनके लिए सहायक हो सकते है। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं ओर किशोरी बालिकाओं को पोषक तत्व कैसे प्राप्त हो सकते हैं। इसके बारे में बताया। वहीं प्रज्ञा शर्मा के द्वारा भी बच्चों के पोषण आहार और पोषक तत्वों की कमी से होने वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी उपस्थित महिलाओं को दी गई। महेंद्र रघुवंशी के द्वारा आसानी से उपलब्ध होने वाली वस्तुओं और प्राकृतिक चीजों से शरीर में होने वाली कमियों की पूर्ति करने के सुझाव दिए गए एवं तिरंगा थाली में पोशाक तत्त्वों की जानकारी दी गई। ब्लॉक मोबिलाइज लोकेशन के द्वारा भी बच्चों की ग्रोथ और उन्हें आवश्यक पोषक तत्वों की जानकारी उपलब्ध कराई। इस मौके पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माता और किशोरी बालिकाओं के साथ उपस्थित महिलाओं को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली सामग्री से शरीर में विटामिनों की पूर्ति कैसे की जा सके इसकी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जयंती नामदेव, सहायिका राजकुमारी रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में बताई योजनाएं



गंजबासौदा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 पबई में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा नामदेव ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें खासतौर से पोषण, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल संरक्षण, लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, सांझा चूल्हा योजना और पितृ मातृ हीन बाल संरक्षण योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाडली बहना योजना की हितग्राहियों, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती और धात्री महिलाओं सहित बच्चों और महिलाओं को गजराज सिंह रघुवंशी ने संबोधित किया। जिन्होंने प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका, नेहा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

जनगणना में जैन धार्मिक पहचान दर्ज कराने का आह्वान

राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारिता की स्वतंत्रता और समाज की एकजुटता पर हुआ मंथन

वरिष्ठ पत्रकार नामित जैन बोले : जैन पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग करेंगे





हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

मुनि श्री 108 आगम सागर जी महाराज एवं मुनि श्री पुनीत सागर जी महाराज, ऐलक श्री धैर्य सागर महाराज एवं ऐलक श्री स्वागत सागर जी महाराज के सान्निध्य में राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए वरिष्ठ पत्रकारों ने पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति, मीडिया की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा, सामाजिक सरोकार तथा जैन समाज की धार्मिक पहचान से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सनत जैन भोपाल, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुनील जैन, छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार नामित जैन, प्रदीप जैन, प्रकाश मोदी, मध्यप्रदेश आईजा अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी, आचरण मीडिया समूह की प्रबंध संपादक निधि जैन, आईजा भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन एवं गुना से राजेश सिंघई की विशेष उपस्थिति रही। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार नामित जैन ने जैन पत्रकारों के हित में सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि जैन पत्रकारों के लिए वे और उनकी संस्था हमेशा सहयोग के लिए आगे खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या आवश्यकता के समय जैन पत्रकारों को प्राथमिकता के आधार पर सहयोग देने का प्रयास किया जाएगा। जैसे ही उन्होंने सदन में यह घोषणा की, उपस्थित पत्रकारों में उत्साह का माहौल बन गया और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए शीघ्र ही मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों का दौरा कर संबंधित पत्रकारों से संवाद किया जाएगा।

पत्रकारिता में निर्भीकता और स्वतंत्रता जरूरी: सुनील जैन

पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुनील जैन ने राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए पत्रकारिता में निर्भीकता, स्वतंत्रता और निष्पक्षता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक समय पत्रकारिता को निष्पक्षता और स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मजबूत माध्यम माना जाता था। वर्तमान परिवेश में मीडिया की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। ऐसे समय में पत्रकारों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज के सामने तथ्यों को रखना और जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाना है। पत्रकारों को बिना भय और दबाव के जनसमस्याओं को सामने लाने के साथ ही पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य, निष्पक्षता और जनहित को पत्रकारिता की प्राथमिकता बनाकर ही मजबूत पत्रकारिता की परंपरा को आगे बढ़ाया जा सकता है।

पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों के लिए आईजा प्रतिबद्ध: राजीव जैन सैनानी

मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जैन पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) सदैव पत्रकारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण प्रहरी है। पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की समस्याओं, शासन-प्रशासन की गतिविधियों और जनहित के मुद्दों को सामने लाने का कार्य करता है। इसलिए पत्रकारों के सम्मान और उनकी सुरक्षा को लेकर समाज एवं संबंधित संस्थाओं को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईजा का उद्देश्य केवल पत्रकारों को एक मंच पर जोड़ना नहीं, बल्कि पत्रकारों के हितों की आवाज को मजबूत करना भी है। जैन समाज से जुड़े पत्रकार देश के अलग-अलग क्षेत्रों में सामाजिक, धार्मिक और जनहित के विषयों को प्रमुखता से सामने ला रहे हैं। कई बार पत्रकारों को समाचार संकलन के दौरान दबाव, कठिनाइयों और विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में आईजा पत्रकारों को अकेला नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि आईजा देशभर के जैन पत्रकारों को एक मजबूत नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रही है। पत्रकारों की समस्याओं को चिन्हित कर उन्हें संबंधित मंचों तक पहुंचाना, पत्रकारों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना और आवश्यकता पड़ने पर उनकी आवाज को मजबूती से उठाना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि पत्रकार चाहे किसी भी शहर, जिले या राज्य में कार्य कर रहा हो, यदि वह सत्य और जनहित की पत्रकारिता कर रहा है तो आईजा उसके साथ खड़ी रहेगी। राजीव जैन सैनानी ने कहा कि पत्रकारिता केवल समाचार प्रकाशित करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का कार्य भी है। उन्होंने पत्रकारों से तथ्यपरक, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता करने का आह्वान करते हुए कहा कि पत्रकारों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जैन पत्रकारों को आपसी समन्वय बढ़ाकर एक-दूसरे की समस्याओं में सहयोग करना चाहिए, जिससे पत्रकारिता के साथ-साथ समाजहित के कार्यों को भी मजबूती मिल सके।

आईजा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ जैन समाज एवं राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन के आयोजकों द्वारा मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी की उत्कृष्ट पत्रकारिता एवं सामाजिक सेवाओं के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आईजा भोपाल संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन एवं आईजा गुना जिला अध्यक्ष राजेश सिंघई का भी सम्मान किया गया। सम्मान के दौरान उपस्थित पत्रकारों एवं समाजजनों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

जनगणना में जैन धार्मिक पहचान दर्ज कराने की अपील

सम्मेलन के दौरान जैन समाज की जनसंख्या और धार्मिक पहचान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। आचरण मीडिया समूह की प्रबंध संपादक श्रीमती निधि जैन ने जैन समाज की जनसंख्या से जुड़े विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए आगामी जनगणना के दौरान समाज के लोगों से जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान धार्मिक पहचान संबंधी कॉलम में प्रत्येक जैन परिवार अपनी धार्मिक पहचान स्पष्ट रूप से जैन दर्ज कराएं, ताकि देश में जैन समाज की वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा सामने आ सके। उन्होंने कहा कि समाज की जनसंख्या से संबंधित सही आंकड़े सामने आने से समाज की वास्तविक स्थिति का आकलन करने में मदद मिलेगी। सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व की जनगणना में जैन समाज की आबादी लगभग 44 लाख दर्ज हुई थी, जबकि समाज के अनेक लोगों का मानना है कि वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। इसी को देखते हुए जनगणना 2027 को लेकर समाज में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता की वर्तमान चुनौतियों, पत्रकारों की सुरक्षा, सामाजिक सरोकार, जैन समाज की एकजुटता एवं आगामी जनगणना सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

सिरोंज में विशेष कार्यक्रम आयोजित

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर बुजुर्गों का सम्मान, लिया आशीर्वाद



सिरोंज। नगर पालिका सिरोंज के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को ब्रह्मचारिणी आश्रम, लिंक रोड सिरोंज में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू, पार्षद, जनप्रतिनिधि, नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वृद्धजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू ने उपस्थित वृद्धजनों से संवाद करते हुए उनके जीवन के अनुभवों को जाना और समाज में उनके योगदान पर चर्चा की। इस अवसर पर वृद्धजनों ने संगीत एवं गायन की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को आनंदमय बना दिया।

अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने सभी वृद्धजनों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा फल एवं मिठाई का वितरण किया। वृद्धजनों ने कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा किए और उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका कर्मचारियों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान शासन द्वारा वृद्धजनों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में शामिल बुजुर्गों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उन्हें सम्मान और अपनापन महसूस होता है। वहीं शतायु सम्मान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष एवं कर्मचारियों ने वृद्धजनों के घर पहुंचकर शॉल, श्रीफल एवं मिठाई भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाष साहू सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया।

इमरत बाई के देव परिवर्तन पर श्रद्धांजलि सभा



सिरोंज। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी कीर्तिशेष चंद्रकांता, सूर्यकांत एवं रविकांत की पूज्य माताजी तथा अनुराग एवं अंकुर की दादी सवाई सेठानी श्रीमती इमरत बाई का समतापूर्वक देव परिवर्तन त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम अनंत श्री गार्डन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाजजनों एवं परिजनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन एवं सामाजिक योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी, डॉ. राजीव जैन बंटी, सौरभ जैन गुलाबगंज, प्रमोद जैन एवं संजय जैन सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे। आईजा पदाधिकारियों ने श्रीमती इमरत बाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आईजा की ओर से परिजनों को शोक पत्र भी प्रदान किया गया। उपस्थितजनों ने परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान वातावरण भावपूर्ण रहा। समाजजनों ने श्रीमती इमरत बाई के सरल, सहज एवं धार्मिक जीवन को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

ग्यारसपुर जनपद पंचायत के सीईओ सहित अधिकारियों- कर्मियों पर भ्रष्टाचार के आरोप, लोकायुक्त ने मांगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जनपद पंचायत ग्यारसपुर के सीईओ सहित पंचायत विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर पद का दुरुपयोग कर पंचायत कार्यों में भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। मामले में शिकायतकर्ता अशोक कुमार साहू निवासी लोहर्रा द्वारा विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त संगठन भोपाल में शिकायत प्रस्तुत कर जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत में जनपद पंचायत ग्यारसपुर के सीईओ, खंड पंचायत अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सहित वीपीओ एवं वीपीसी पर पंचायत कार्यों में कथित अनियमितता एवं पद के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के बाद लोकायुक्त की ओर से जिला पंचायत सीईओ को पत्र जारी कर दस्तावेज एवं अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद जिपं सीईओ द्वारा जनपद पंचायत ग्यारसपुर के सीईओ को पत्र लिखकर संबंधित मामले में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। अब लोकायुक्त द्वारा मांगे गए दस्तावेजों और विभागीय जवाब के बाद आगे की जांच एवं कार्रवाई किस दिशा में बढ़ती है, इस पर नजर बनी हुई है। लगाए गए आरोपों की अंतिम पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

गांधी जयंती पर निकली प्रभात फेरी, छात्रों ने प्रस्तुतियों से जीवंत किए गांधी के विचार

गांधी चौक से निकली प्रभात फेरी, सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी सुमिरन-सर्वोदय मंडल द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। गांधी चौक से शुरू हुई प्रभात फेरी कागदीपुरा, तिलक चौक और बांसकुली बसस्टैंड होते हुए पुनः गांधी चौक पहुंचकर संपन्न हुई। यहां आयोजित कार्यक्रम में साकेत विद्यालय की दोनों शाखाओं के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने गांधीजी के विचारों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं।

वरिष्ठ गांधीवादी चिंतक एवं चिकित्सक डॉ. सुरेश गर्ग ने कहा कि साकेत विद्यालय, ओलंपस स्कूल और सर्वोदय मंडल की गतिविधियों से विदिशा में गांधी विचारों का प्रसार हुआ है।

कार्यक्रम में सत्य, अहिंसा, सामाजिक सद्भाव और सेवा के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया गया। सर्वोदय मंडल अध्यक्ष प्रो. अरविंद द्विवेदी ने अतिथियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संजय पांडेय, प्रो. केके पंजाबी, डॉ. कुसुम गर्ग, कमलेश दुबे सहित सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



विदिशा। गांधी सुमिरन सर्वोदय मंडल के पदाधिकारियों ने निकाली प्रभात फेरी।

साकेत स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी

विदिशा। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर साकेत शिक्षण संस्थान ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। सुबह 6 बजे साकेत शिशु रंजन हायर सेकेंडरी स्कूल से नीमताल चौराहे तक प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद गांधी चौक पर गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भजन और नमक सत्याग्रह पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किया। वहीं नशा मुक्ति पर नाटक के जरिए जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुरेश गर्ग, संस्थान के डायरेक्टर, प्राचार्य जीडी पाटिल, प्रकाश शर्मा सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।



कलेक्टर-एसपी ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर किया जागरूक



विदिशा। पुलिस द्वारा 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक हेलमेट एवं सीटबेल्ट जागरूकता और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को नीमताल में कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी की मौजूदगी में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान कलेक्टर और एसपी ने दोपहिया वाहन चालकों को स्वयं हेलमेट पहनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। साथ ही मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों को भी हेलमेट पहनाकर नियमित उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 100 से अधिक हेलमेट वितरित किए गए। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 25 वाहन चालकों के चालान बनाए गए। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीटबेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी। इस दौरान एएसपी मोनिका तिवारी, सीएसपी अतुल सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज, यातायात थाना प्रभारी आशीष राय, सूबेदार मेघा शर्मा सहित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने दीं प्रेरक प्रस्तुतियां

शमशाबाद। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा, उपप्राचार्य एमडी मिश्रा एवं विद्यालय स्टाफ ने गांधीजी और शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर आधारित भाषण, कविता, गीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इनके माध्यम से सत्य, अहिंसा, सादगी और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया गया। प्राचार्य जितेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि गांधीजी विराट चेतना के धनी व्यक्तित्व थे। उनकी विचारधारा ने न केवल भारत, बल्कि पूरे विश्व को प्रभावित किया है। वरिष्ठ शिक्षक पीसी गौतम और कन्नड़ शिक्षक रमेश राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज कुमार वर्मा ने किया। अंत में उपप्राचार्य एमडी मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

कुशवाह समाज के आराध्य देव पटेल बाबा मंदिर निर्माण के लिए संतोष शर्मा ने दिए एक लाख रु.

ग्यारसपुर। कुशवाह समाज के आराध्य देव पटेल बाबा के मंदिर निर्माण के लिए शुक्रवार को बासौदा के समाजसेवी संतोष शर्मा ने एक लाख रुपए की नगद राशि दी। कुछ दिनों पूर्व पूर्व सरपंच लीलाधर कुशवाह ने संतोष शर्मा से मंदिर निर्माण में सहयोग की अपील की थी। इस पर शर्मा ने एक लाख रुपए देने की घोषणा की थी। शुक्रवार को उन्होंने पटेल बाबा स्थल पहुंचकर समिति अध्यक्ष मुकेश कुशवाह एवं सरपंच राजू कुशवाह को राशि सौंपी। श्री शर्मा बुजुर्गों को निशुल्क तीर्थ यात्रा, जरूरतमंद एवं अनाथ बेटियों के विवाह तथा मंदिर-चबूतरों के निर्माण में सहयोग करते हैं।

गांधी चौक पर मनाई गांधी और शास्त्री जयंती, कांग्रेसजनों ने किया माल्यार्पण

कुरवाई। ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गांधी चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों तथा शास्त्रीजी के 'जय जवान, जय किसान' के नारे को याद किया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायिका पानबाई पंथी, जिला पंचायत सदस्य रानी अहिरवार, नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान काजी, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश रानू तिवारी, शहर अध्यक्ष जफर शेख, गोविंद सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जाहिर सूचना

मैं, अपने पक्षकार एक्सिस बैंक लिमिटेड, शाखा एम पी नगर जोन 2 भोपाल द्वारा शाखा प्रबंधक के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि अरविंद सिंह दांगी पुत्र श्री लालजीराम दांगी निवासी-खाटू श्याम मंदिर विदिशा, तहसील व जिला विदिशा म.प्र. के आधिपत्य एवं स्वामित्व की ग्राम कस्बा विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. में स्थित भूमि सर्वे नम्बर 24/1/1, 24/1/3, 25/2, 20/2/3, 20/2/13, 20/2/19, 20/2/9, 20/2/15, 24/1/4, 24/2/1, 24/2/3, 24/1/2, 24/1/5, 24/2/2, 33/1/4 एवं 33/1/5 कुल रकवा 2.309 हे. भूमि, है। यह कि उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल दस्तावेज, जिसका पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय विदिशा में दिनांक 23.02.2016 को ई-पंजीयन क्रमांक MP452732016I1097194 पर पंजीबद्ध है, जो कि, विक्रेता ब्रजेन्द्र सिंह धाकड द्वारा क्रेता अरविंद सिंह दांगी के पक्ष में निष्पादित किया था। यह कि, यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति के स्वामित्व, आधिपत्य एवं मूल दस्तावेज के संबंध में किसी भी परिवार के व्यक्ति, रिश्तेदार, अन्य व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, नजूल, म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (साम्यिक) भार, विलयन अथवा अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार आगामी कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र होवेगा।

भवदीय **रामसिंह लोधी** एडवोकेट
जिला अभिभाषक संघ विदिशा मप्र
मोबा. - 8770357205

शमशाबाद में कांग्रेसी और कुरवाई में भाजपाईयों ने किया याद

महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

गांधी जयंती पर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया। कार्यकर्ताओं ने गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू यादव ने कहा कि गांधीजी का जीवन ही उनका संदेश था। सत्य, अहिंसा और भाईचारे के उनके सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप रत्नाकर ने कार्यकर्ताओं को गांधीजी के आदर्शों पर चलने तथा समाज में सद्भाव और एकता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस दौरान मनोज कुशवाह, पंचम सिंह किरार, कलेक्टर यादव, संदीप यादव, नीरज यादव, आशीष जैन सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



भाजपा ने स्वच्छता कर्मियों का किया सम्मान

कुरवाई। गांधी जयंती पर भाजपा ने सेवा गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाजार स्थित गांधी प्रतिमा पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी सहित कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर की। इसके बाद बाजार क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विधायक और कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान स्वच्छता कर्मियों का साड़ी एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मान किया गया। बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। कार्यक्रम में राजमल जैन, दिनेश सोनी, सीताराम सैनी, राजेश लोधी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, वरुण चौबे, उमाशंकर प्रजापति सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ग्राम सभाओं में ग्रामीणों ने दिए अपने सुझाव

ग्यारसपुर। ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। शुरुआत में महात्मा गांधी के चित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद शासन के एजेंडे का वाचन कर ग्रामीणों से गांव के विकास को लेकर सुझाव लिए गए। ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए। ग्यारसपुर पंचायत में सरपंच राजू कुशवाहा ने सीसी सड़क निर्माण का प्रस्ताव रखा। पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए भी प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता, संस्था के सीएसडब्ल्यू सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



यूनिफॉर्म में अव्यवस्था, विद्यार्थियों के बैंक खातों में डाली जाएगी ड्रेस की राशि

चार माह बाद भी विद्यार्थियों को नहीं मिली यूनिफार्म, फिलहाल पुरानी से चला रहे काम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन।

सुबह स्कूल जाने की तैयारी में बच्चे कॉपी-किताब के साथ अपनी यूनिफार्म भी तलाशते हैं। लेकिन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों के लिए इस शिक्षा सत्र में नई यूनिफार्म का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ। सत्र शुरू हुए करीब चार महीने बीत चुके हैं। फिर भी रायसेन जिले के विद्यार्थियों का यूनिफार्म सत्यापन लंबित है। फिलहाल छात्रों का अस्सी प्रतिशत सत्यापन कार्य बमुश्किल हुआ है।ऐसे में कई बच्चे पुरानी ड्रेस से काम चला रहे हैं, तो कई विद्यार्थी नई यूनिफार्म के इंतजार में हैं। दरअसल शिक्षा सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को यूनिफार्म दी जानी थी।लेकिन बाद में शासन ने फैसला लिया है कि प्रति विद्यार्थी के बैंक खाते में 600 रुपए की राशि डाली जाएगी। तिमाही परीक्षा भी गुजर गई, लेकिन विद्यार्थियों के खाते में अब तक यूनिफार्म खरीदने के लिए राशि पहुंची ही नहीं है।

रायसेन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पास स्कूली ड्रेस न होने के कारण स्कूल भी नहीं जा पा रहे हैं।जिस कारण बच्चे अपनी पढ़ाई से पिछड़ रहे हैं। वहीं कई बच्चे अपनी पुरानी फटी ड्रेस में स्कूल पहुंच रहे हैं। रायसेन जिले में 2040 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के लगभग साढ़े 9 हजार स्कूली बच्चों को ड्रेस मिलना है। वहीं 4216 विद्यार्थियों का डाटा अपडेट नहीं हुआ है। प्रक्रिया अंतिम चरण में होने के बावजूद हजारों विद्यार्थियों के खातों का सत्यापन नहीं हो पाया है। विद्यार्थियों का सत्यापन बाकी है। खातों के अपडेट होने की प्रक्रिया के बाद राशि खातों में डाली जाएगी।

अब नकद दी जाएगी राशि

शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रदेश में सरकारी स्कूलों की यूनिफार्म व्यवस्था में बदलाव किया गया था। इस बार नई व्यवस्था में विभाग की ओर से तैयार यूनिफार्म उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया था, लेकिन इसका हाल ही में फिर बदल दिया गया। अब विद्यार्थियों के खाते में ही यूनिफार्म के लिए राशि भेजी जानी है। शिक्षा विभाग की सुस्ती के कारण जिले के सरकारी स्कूलों में अब तक ड्रेस की राशि जारी नहीं की जा सकी है। नया शिक्षा सत्र शुरू हुए चार महीने से अधिक का समय बीत चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में हालात और भी बदतर हैं, जहां कई बच्चे ड्रेस न होने की झिझक के कारण स्कूल तक नहीं आ रहे हैं। अभिभावकों ने बताया कि जब सत्र की शुरुआत में ही बजट स्वीकृत हो जाता है, तो उसे बच्चों के खातों तक पहुंचने में इतनी देरी क्यों होती है?

महंगाई में 600 रुपए में दो जोड़ी यूनिफार्म बनना मुश्किल

सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलने वाली यूनिफार्म की राशि मौजूदा समय में महंगाई के कारण काफी कम पड़ रही है। विद्यार्थियों के लिए दो यूनिफार्म बनवाने के लिए केवल 600 रुपए दिए जा रहे हैं। अभिभावकों ने बताया कि इस राशि से दो जोड़ी यूनिफार्म बनवाना तो दूर, एक जोड़ी की खरीदारी भी मुश्किल से हो पा रही है। अभिभावक संजय कुमार सिंह सोहेल अख्तर रहीम खान शैतान सिंह चौहान राजदीप शेर सिंह लोधी ने बताया कि बच्चे पूरे साल इसी एक जोड़ी यूनिफार्म के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। कई बार सरकार से पोशाक मद की राशि बढ़ाने की मांग की।लेकिन अब तक इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। अभिभावक रमेश यादव, रंजीत सिंह, रेशमा खानम ने बताया कि सरकार ने कहा था कि ड्रेस के पैसे बैंक खाते में आएंगे।लेकिन बैंक के चक्कर काटकर परेशान हो गए हैं। लेकिन अब तक राशि नहीं आई है। ड्रेस के लिए जो राशि बताई गई है वह भी बहुत कम है।

इनका कहना है...

खाते अपडेट प्रक्रिया जारी

शासन स्तर से जल्द ही विद्यार्थियों के बैंक खातों में राशि भेजी जाएगी। इसके लिए विद्यार्थियों की प्रोफाइल और खाते अपडेट करने की प्रक्रिया कराई जा रही है। 80 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो गया है।

प्रदीप चतुर्वेदी जिला शिक्षा केंद्र परियोजना समन्वयक रायसेन

जयस्तंभ पर राष्ट्रपिता गांधी व शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

गांधी जयंती पर नगर परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान, पौधरोपण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली।

नगर परिषद द्वारा गांधी जयंती पर पिपरिया रोड चौराहे मुख्य सड़क बाल विहार पार्क में साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया। डिवाइडर में वृक्षारोपण भी किया गया। जय स्तंभ पहुंचकर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत पार्षदों गढ़मानय नागरिकों सीएमओ हरिशंकर वर्मा, पत्रकारों एवं नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पुराने अस्पताल के सामने मुख्य सड़क के डिवाइडर एवं पिपरिया रोड चौराहे पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। गांधी जयंती पर नगर परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत स्वच्छता एम्बेसडर पत्रकार सुरेश विदुआ पार्षदों सीएमओ हरिशंकर वर्मा नगर पंचायत के एल्डरमैन एवं कर्मचारियों की सहभागिता बनी रही।



स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि अपने घरों से निकलने वाले कचरे को वाहनों में दें सड़कों नालियों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। नगर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। नगर परिषद द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने के लिए नगर परिषद द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



बाड़ी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम किया गया। शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर किया। राष्ट्रगान का नन्नी मुन्नी बच्चियों द्वारा वाचन किया गया। समाज सेवियों एवं कांग्रेस ने दोनों महापुरुषों के जीवन, विचारों एवं देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। महात्मा गांधी के जीवन प्रकाश सत्य अहिंसा, स्वच्छता और सद्भाव का सन्देश तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर उनके आदर्श को अपने जीवन में अपना के राष्ट्रसेवा में कार्य करने का संकल्प लिया गया। वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता ताराचंद साहू, भगवानदास चाचा , मनीष ठाकुर, सुनील शर्मा, सुरेन्द्र सिंह परमार, राष्ट्रीय धावक रामाधार शर्मा, विष्णु भैया गुर्जर, अजा. महासचिव जसवंत मालवीय, पूर्व कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष शोएब खान (सोबी) आदि मौजूद रहे।

बरेली के किंगी रोड पर हुआ हादसा

तेज कार ने बाइक को मारी टक्कर उछलकर दूर गिरे पति-पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/ बरेली।

जिले के बरेली नगर में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर लगते ही बाइक सवार दंपति हवा में उछलकर दूर जा गिरे। पूरी घटना पास में लगे एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार घटना बरेली के किंगी रोड की है। बाइक पर सवार होकर पति-पत्नी कहीं जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दंपति करीब 10 से 15 फीट दूर सड़क पर जा गिरे। सड़क पर गिरने से दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें संभाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। कार चालक टक्कर मारने के बाद गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया, लेकिन पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बरेली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर कार के नंबर के आधार पर उसकी पहचान कर ली है। कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बरेली पुलिस का कहना है कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

छुट्टी के दिन भी वसूली करने के लिए मैदान में उतरी नपा टीम

3 करोड़ बकाया जलकर वसूलने घर-घर पहुंचीं सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में जलकर की बढ़ती बकाया राशि की वसूली के लिए नगर पालिका ने अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवकाश के बावजूद नगर पालिका का अमला वसूली के लिए मैदान में उतरा। नपा सीएमओ सुरेखा जाटव कर्मचारियों की टीम के साथ घर-घर पहुंचीं और बड़े व लंबे समय से बकाया जलकर वाले उपभोक्ताओं से राशि जमा कराई। इस दौरान राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की गई।

नगर पालिका की वसूली टीम ने दूसरे दिन अभियान की शुरुआत शहर के वार्ड 16, 17 और 18 से की। इन वार्डों में सबसे ज्यादा जलकर बकाया होने के कारण विशेष रूप से वसूली अभियान चलाया गया। टीम ने घर-घर पहुंचकर उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने की समझाइश दी। इसके बावजूद भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करते हुए नल कनेक्शन काटे गए।

वार्ड 16, 17 और 18 में सबसे ज्यादा बकायादार, राशि जमा नहीं करने पर काटे नल कनेक्शन



कुछ पर 40 हजार तक राशि है बकाया

नगर पालिका सीएमओ सुरेखा जाटव ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में जलकर के रूप में 3 करोड़ रुपए से अधिक की राशि बकाया है। इसमें सबसे ज्यादा बकायादार वार्ड 16, 17 और 18 में हैं। कई उपभोक्ताओं ने लंबे समय से जलकर जमा नहीं किया है। कुछ उपभोक्ताओं पर 20 हजार से लेकर 40 हजार रुपए तक की राशि बकाया है। ऐसे बड़े बकायादारों से वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

छुट्टी में जारी रहेगा वसूली अभियान

नगर पालिका द्वारा जलकर के साथ ही संपत्ति कर, दुकानों का किराया और अन्य बकाया करों की वसूली के लिए भी अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अवकाश के दिन भी अधिकारियों और कर्मचारियों को मैदान में उतारा गया। नपा सीएमओ सुरेखा जाटव ने शहरवासियों से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं पर जलकर बकाया है, वे नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर जल्द से जल्द राशि जमा करें। ताकि उन्हें कार्रवाई का सामना न करना पड़े। लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं करने नल कनेक्शन काटे जाएंगे।



सांदीपनि में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान, बच्चों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

स्कूल शिक्षा मंत्रालय और लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर शासकीय सांदीपनि हासे विद्यालय पाटनदेव में ह्यएक दिन, एक घंटा, एक साथह्न देशव्यापी श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ और विद्यार्थियों ने स्वैच्छिक रूप से भाग लेकर परिसर में साफ-सफाई की। इस दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समक्ष स्वच्छता का संकल्प लिया।

बच्चों ने ली ये शपथ-बच्चों ने विद्यालय, कक्षा और घर को साफ-सुथरा रखने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देने की शपथ ली। नियमित हाथ धोने, सुरक्षित शौचालय का उपयोग करने और वर्षा जल संरक्षण जैसे कार्यों का पालन करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और अभिभावकों व समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस भी मनाया गया।

बाड़ी में पुलिस का एक्शन मोड, कानून से ऊपर कोई नहीं, नियम तोड़ने पर खैर नहीं

वाहन चेकिंग अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए बाड़ी पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए सघन गश्त एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रमुख चौराहों और मार्गों पर मोर्चा संभालते हुए नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म और नाबालिग द्वारा वाहन चलाने जैसे मामले सामने आए। चेकिंग अभियान के



तहत चिंतामन चौराहे पर पुलिस ने वाहनों को रोककर दस्तावेजों की जांच की। भोपाल-जबलपुर मार्ग पर चलने वाली बसों के परमिट, बीमा, चालकों के लाइसेंस और ओवरलोडिंग की स्थिति भी परखी गई। जांच में नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस की कार्रवाई में बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे दोपहिया और चारपहिया वाहन भी जांच के दायरे में आए। दस्तावेजों की पड़ताल के साथ एक बिना नंबर प्लेट वाले वाहन को आगे की जांच के लिए थाने पहुंचाया गया। वहीं काली फिल्म लगाकर चल रहे चारपहिया वाहनों पर भी कार्रवाई करते हुए चालान बनाए गए और मौके पर ही फिल्म हटवाई गई। संदिग्ध वाहनों की डिग्गी सहित अन्य हिस्सों की तलाशी लेकर पूछताछ भी की गई।

उल्लास में बच्चों ने रंगों से उकेरी स्वच्छता व पर्यावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में गांधी जयंती पर सिविल न्यायालय सिलवानी के मध्यस्थता भवन में उल्लास-एक अभिनव प्रयोग, कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का विषय स्वच्छता एवं पर्यावरण रखा गया। इसमें न्यायिक अधिकारियों, न्यायालय कर्मचारियों और अधिवक्ताओं के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सुनीता पचौरिया ने मां



सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा किष्उल्लास का उद्देश्य न्याय पालिका से जुड़े सभी घटकों के बीच सौहार्द, टीम भावना, सकारात्मक कार्य वातावरण और संस्थागत सहभागिता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में 15 प्रतिभागियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। मूल्यांकन के बाद हंसिका कलोसिया ने प्रथम, दिव्यांशी श्रीवास्तव ने द्वितीय और धानी श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को शील्ड व प्रमाण पत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

खरगोन में खोना वाले बाबा भगवान आदिनाथ का त्रिदिवसीय महामस्तकाभिषेक प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर के समीपस्थ ग्राम खरगोन स्थित खोना बाबा के नाम से विख्यात जैन परम्परा के प्रथम तीर्थकर 1008 आदिनाथ भगवान का त्रिदिवसीय महामस्तकाभिषेक महोत्सव मुनि श्री विमल सागर एवं मुनि श्री अनंत सागर जी के सानिध्य में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व बरेली में विराजमान मुनि विमल सागर एवं मुनि अनंत सागर महाराज का ग्राम खरगोन पहुंचने से पूर्व सैकड़ो की संख्या में समाज जनों के द्वारा मछुवाई ब्रिज पर भव्य अगवानी की गई एवं अश्व रथ के साथ मुनिसंघ की भव्य मंगल आगवन के,तत्पश्चात मुनि श्री का खोना बाबा प्रांगण में प्रवेश हुआ। प्राचीन अतिसयकारी प्रतिमा -मुनि श्री विमल सागर जी ने प्रवचन के



माध्यम से बताया कि 100 वर्ष से अधिक समय की प्रतिमा स्वतः ही अतिशयकारी होती है जबकि खोना वाले बाबा आदिनाथ भगवान की यह प्रतिमा कितने सैकड़ो वर्ष पुरानी है इसका अंदाजा लगाना ही मुश्किल है अतः यह प्रतिमा परम अतिशयकारी है ।

आदिनाथ भगवान खोना वाले बाबा का 1008 कलशो के माध्यम से रिद्धि मंत्रो के साथ मस्तकाभिशेक किया गया प्रथम कलश विकास जैन बरेली द्वितीय कलश अनिकेत जैन भोपाल, तृतीय कलश जीतेन्द्र जैन एवं चतुर्थ कलश नितिन जैन खरगोन को करने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम का संचालन ब्र.जीतू भैया दिल्ली एवं ब्र. अभिषेक भैया ने किया। जैन समाज की भारी उपस्थिति-समिति अध्यक्ष नितिन जैन ने बताया कि त्रिदिवसीय कार्यक्रम का शंखनाद हो चुका है पूरे मध्यप्रदेश नही अपितु भारत वर्ष से बड़े बाबा आदिनाथ भगवान के भक्त बड़ी संख्या में शामिल होंगे एवं अभिषेक करेंगे।

देहगांव में रायसेन से राहतगढ़ तक सड़क निर्माण जारी, आक्रोशित ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

कम चौड़ी सड़क निर्माण पर भड़का गुस्सा, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज देहगांव

रायसेन से राहतगढ़ तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में सड़क की निर्धारित चौड़ाई कम किए जाने का मामला गरमा गया है। मनमाने निर्माण से नाराज देहगांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर नायब तहसीलदार हर्षवर्धन गुप्ता को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है और चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे नगर सीमा के भीतर निर्माण कार्य रोक देंगे और उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों का मुख्य आरोप है कि तय मानकों की अनदेखी की जा रही है और सड़क की चौड़ाई कम करके निर्माण किया जा रहा है।

भारी यातायात का दबाव

ग्रामीण आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि देहगांव गैरतगंज तहसील का एक बड़ा



कस्बा है। यह सागर-भोपाल मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यहां दिन-रात भारी वाहनों का आवागमन रहता है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

धार्मिक आयोजनों में बाधा

जनपद सदस्य दीपक धाकड़ ने कहा कि इस कस्बे में सभी धर्मों के लोग निवास करते हैं और समय-समय पर धार्मिक जुलूस व कार्यक्रम निकलते हैं। सड़क संकीर्ण होने से भविष्य में लोगों की परेशानियां कई गुना बढ़ जाएंगी।

उग्र आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में प्रशासन को चेताया है कि यदि शासन स्तर पर इस अनियमितता का संज्ञान लेकर सड़क की चौड़ाई को निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया गया, तो वे नगर की सीमा के अंदर सड़क चौड़ीकरण का काम पूरी तरह ठप कर देंगे। स्थिति बिगड़ने पर ग्रामीण उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे।

इनका कहना है...

देहगांव में 80फीट चौड़ी सड़क का डिवाइडर युक्त निर्माण कार्य किया जाए जब तक तय मानकों के सड़क का निर्माण न हो तब तक निर्माण कार्य पर स्थाई रोक लगाई जाए।

दीपक धाकड़ जनपद सदस्य प्रतिनिधि
वार्ड नंबर 11 देहगांव